इन्वेस्ट यूपी और यूके व्यापार प्रतिनिधिमंडल के बीच निवेश अवसरों पर हुई चर्चा

- *उत्तर प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियां, बेहतर आधारभूत सुविधाएं और विशाल उपभोक्ता आधार कर रहा विदेशी निवेशकों को आकर्षित: श्री अभिषेक प्रकाश*

लखनऊ, 4 मार्च 2025: उत्तर प्रदेश की निवेश संवर्धन और एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और इनोवेट यूके के व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापार बैठक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मंगलवार को गोमती नगर, लखनऊ स्थित इंवेस्ट यूपी कार्यालय में आयोजित हुआ।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के सचिव तथा इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अभिषेक प्रकाश ने इनोवेट यूके की यूके-इंडिया पार्टनरशिप मैनेजर, सुश्री चार्ली फ्रेजर के साथ उनके 17-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस सत्र के दौरान, श्री अभिषेक प्रकाश ने राज्य में उपलब्ध मजबूत अवस्थापना सुविधाओं के साथ निवेश-अनुकूल नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस (EODB) को विस्तार से बताया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश की अनूठी क्षमताओं और अवसरों को रेखांकित किया, जिसमें राज्य की व्यापक रेल, सड़क, वायु और जलमार्ग कनेक्टिविटी, विशाल उपभोक्ता आधार, कुशल श्रम शक्ति और उद्योगों के लिए भूमि की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए 30 से अधिक नीतियों को लागू किया है। उत्तर प्रदेश लगातार पिछले तीन वर्षों से ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस (EODB) श्रेणी में 'टॉप अचीवर्स' राज्य के रूप में उभरा है।

श्री अभिषेक प्रकाश ने माननीय मुख्यमंत्री के उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। राज्य में विनिर्माण, अवस्थापना, रियल एस्टेट, सौर और ग्रीन हाइड्रोजन ऊर्जा, टेक्सटाइल, सीमेंट और इस्पात, पैकेजिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश के अपार अवसर हैं। उत्तर प्रदेश देश में अनाज उत्पादन में अग्रणी है, विशेष रूप से गेहूं और गन्ना उत्पादन में।

राज्य रक्षा विनिर्माण में भी निवेश के अवसर प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे (UPDIC) में विभिन्न शहरों में छह नोड्स शामिल हैं, जहां कई निर्माताओं ने अपने संयंत्र स्थापित कर लिए हैं।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा, पर्यटन में भी पर्याप्त अवसर हैं, जैसे यूपी का बौद्ध सर्किट और आध्यात्मिक पर्यटन। हाल ही में हमने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम था, जहां 65 करोड़ से अधिक लोग एकत्र हुए थे।

इसके अलावा, उन्होंने राज्य में उद्योगो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निवेश अनुकूल वातावरण बनाने पर जोर दिया, जिसे निवेश मित्र, निवेश सारथी और ऑनलाइन प्रोत्साहन प्रबंधन प्रणाली (OIMS) जैसे ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से सुगम बनाया गया है।

सुश्री चार्ली फ्रेजर और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने सामूहिक रूप से कहा, "यूके के स्टार्टअप्स और व्यवसाय उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए तैयार हैं क्योंकि यहां का उपभोक्ता आधार बड़ा और विविध है। साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी व अवस्थापना सुविधाएं और उद्योग सहायक नीतियां मौजूद है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश और यूके के बीच अनुसंधान और नवाचार में सहयोग की असीम संभावनाएं हैं।"

यूके की इनोवेशन एजेंसी इनोवेट यूके अपने ग्लोबल बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम के तहत अर्बन सिस्टम्स की 13 कंपनियों को साथ लेकर यूपी आई है, जो संयुक्त शोध परियोजनाओं पर भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग करना चाहती हैं। शहरी प्रणालियों के नवाचार के क्षेत्र में मजबूत सहयोगी भागीदारी और रिसर्च डिज़ाइन के अवसर तलाशने के लिए उत्सुक हैं। व्यावसायिक क्षेत्रों में स्मार्ट सिटी डेवलपर्स के लिए वायु गुणवत्ता (इनडोर और आउटडोर), इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी बेड़े के मालिक/ऑपरेटर, सौर ऊर्जा, सौर डेवलपर्स के साथ तालमेल), नवीकरणीय ऊर्जा (रेडॉक्स फ्लो बैटरी उद्योग), एआई-संचालित बेड़े (लॉजिस्टिक्स पार्टनर, अपशिष्ट प्रबंधन फर्म की तलाश), स्मार्ट मोबिलिटी (जीरो एमिशन डिलीवरी ज़ोन - जेडईडीजेड के लिए विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास भागीदार), और सड़क मरम्मत (शून्य अपशिष्ट के साथ गड्ढों की मरम्मत) शामिल हैं।

यूके प्रतिनिधिमंडल में निम्नलिखित कंपनियां शामिल थीं: हैलियोजन पावर, हेल्दी एयर टेक्नोलॉजी, स्ट्रीटडॉक सिस्टम्स, ओम्निया स्मार्ट टेक्नोलॉजीज, स्मार्टविज़, विरिडिस बिल्डिंग सर्विसेज, नेटजीरो डीएमआरवी, थर्मल रोड रिपेयर्स, नोडिन इंस्ट्रूमेंट्स, एटोसेंस, फ्लैक्स एंड टील लिमिटेड, ग्रीनेंको, पुरीफायर लैब्स, इनोवेट यूके और यूकेआरआई।

साथ ही बैठक में उपस्थित अन्य लोगों में फिक्की के सदस्य और इंवेस्ट यूपी के अधिकारी शामिल थे।